# विजयपुर उपचुनाव में हिंसा का विरोध किया कांग्रेस ने

**मंडला, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में विजयपुर विधानसभा का उपचुनाव का मतदान 13 नवंबर, 2024 को सम्पन्न हुआ, उक्त मतदान के दौरान भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं असामाजिक तत्वों ने मिलकर अनुचित कार्य करते हुए मतदान को प्रभावित करने के साथ-साथ हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया तथा रात में गोहटा गांव में बदमाशों ने दलित बस्ती में घुसकर तोड़फोड़ की तथा घरों में आगजनी की, उनकी फसलों में आग लगाकर नुकसान पहुंचा गया एवं गांव में स्थापित बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति को भी तोड़कर खंडित कर दिया। गोहटा गांव में आतंक के कारण भय का वातावरण इस तरह निर्मित हो गया था कि ग्रामीणजन अपनी शिकायत लेकर थाने तक जाने में डर रहे थे और वे थाने भी नहीं पहुंच सके।



उपरोक्त आतंक का तांडव विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी तथा वनमंत्री रामनिवास रावत के पक्ष में मतदान ना होना मुख्य कारण है। क्योंकि आदिवासी अंचल एवं जाटव समाज के लोगों द्वारा भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में खुलकर प्रचार प्रसार नहीं किया, उनके अनुरूप कार्य नहीं किया यहां तक कि क्षेत्र में चर्चा व्याप्त रहीं कि उक्त समुदाय द्वारा कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान किया गया है इसलिए गुण्डों, बदमाशों को भेजकर गोहटा गांव में आतंक फैलाया गया, घरों में तोड़फोड़ की गई, फसले फूंक दी गई तथा बाबा साहेब की मूर्ति को खंडित कर दिया गया है जो कि निश्चित ही चिंताजनक होने के साथ साथ निंदनीय है।

जिला कांग्रेस कमेटी मंडला की ओर से उपरोक्त ज्ञापन के माध्यम से निवेदन किया गया है कि विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के गोहटा गांव में हुए उप चुनाव के मतदान दिनांक 13.11.2024 के दौरान हिंसक गतिविधियों एवं बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा तोड़ने वालों के विरूद्ध तत्काल दण्डात्मक कार्यवाही की करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया जावे तथा गोहटा गांव के निवासियों को उचित पुलिस सुरक्षा मुहैया कराई जावे तथा मध्यप्रदेश शासन को आगाह किया जावे कि प्रदेश में इस तरह की घटनाओं की पुर्नावृत्ति ना हो जिससे कि दलित वर्ग सम्मान के साथ अपना जीवन यापन कर सके जो कि न्यायोचित होगा। उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष एड राकेश तिवारी, रजनीश रंजन उसराठे,विनोद चौधरी, बब्बी राय, श्रीकांत कछवाहा, दीपेश बाजपेई, सौरभ साहू, कोविद सिंह ठाकुर,जावेद कुरैशी, अमन लाहौरी,योगेश उपाध्याय,राजेश मिश्रा सहदेव मरावी और मीडिया विभाग से विवेक दुबे आदि कांग्रेस जन शामिल रहे।

# एक साल में भी नहीं बनी टूटी पुलिया

**मंडला, देशबन्धु।** लगभग 1 साल से सरदार पटेल वार्ड की पुलिया टूटी हुई है जिसकी षिकायत वार्डवासियों ने नगरपालिका को की है साथ ही समाचार के माध्यम से भी नपा का ध्यान कई बार इस टूटी पुलिया की ओर आकर्षण कराया गया है लेकिन लगभग 1 साल पूर्ण होने को है इसके बाद भी इस पुलिया का निर्माण व सुधारकार्य नहीं किया जा रहा है।

जबकि नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा इसी वार्ड से चुनाव जीतकर आये है इसके बाद भी अपने वार्ड की ही पुलिया का निर्माण कार्य कराने में असमर्थ साबित हो रहे है। नपा अध्यक्ष जब अपने ही वार्ड में टूटी पुलिया का सुधार कार्य नहीं करवा पा रहे है तो 24 वार्डो में इनसे कोई उम्मीद नहीं की जा सकती। इस पुलिया का निर्माण नहीं होने से कई दुर्घटना भी यहां घट चुकी है बावजूद नगरपालिका गहरी नींद में सो रही है। पुलिया के पास अब लोग कचरा भी डालना शुरू कर दिये है।

जल्द ही इस पुलिया का सुधार कार्य नहीं किया गया तो यहां कचरा घर तो बन ही जायेगा साथ ही बडी दुर्घटना की भी संभावनाए यहां जताई जा रही है। वार्डवासियों का कहना है कि यदि यहां कोई बडी दुर्घटना घटित होती है तो इसकी जबावदारी नगरपालिका की होनी चाहिए क्योंकि बार-बार पुलिया का सुधार कार्य के लिए आवेदन निवेदन किया जा चुका है इसके बाद भी पुलिया का निर्माण नहीं हो रहा है।

**वार्ड में नहीं पहुंचती है कचरा गाडी-** टूटी हुई पुलिया के कारण वार्ड के अंदर कचरा गाडी नहीं पहुंच पा रही है जिससे वार्डवासियों को लंबा चलकर कचरा गाडी में कचरा डालने आना पडता है। कचरा गाडी नहीं पहुंचने के कारण पुलिया के पास ही कचरा डालकर चले जाते है जिससे मवेषियों व कुत्तों के द्वारा कचरा को सडक में फैला दिया जाता है जिससे आने जाने वाले को परेषानियों का सामना करना पडता है।

टूटी हुई पुलिया के कारण इस मार्ग में चौपहिया वाहन भी नहीं पहुंच पा रहा है। वार्डवासियों ने नपा से अपेक्षा की है कि जल्द से जल्द टूटी हुई पुलिया का सुधार कार्य किया जाये ताकि लोगों को हो रही परेषानियों से निजात मिल सके और बडी दुर्घटना से लोग बच सकें।

## सार-समाचार



### भाजपा के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस बिछिया का धरना-प्रदर्शन

**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** दिनांक 13 नवंबर, 2024 को मध्यप्रदेश के दो विधानसभा क्षेत्रों विजयपुर एवं बुधनी में सम्पन्न हुए उप चुनाव में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकतंत्र की हत्या करने का जघन्य अपराध किया है। विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में आम मतदाताओं को वोट डालने से वंचित कर उनमें भय का वातावरण निर्मित किया है, भारतीय जनता पार्टी के असामाजिक तत्वों द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की मूर्ति को क्षतिग्रस्त किया है और दलित समाज के लोगों के साथ मारपीट की गई है, उनकी फसलों को जलाकर नुकसान पहुंचाया गया है। भाजपा लोकतंत्र एवं दलित विरोधी पार्टी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के निर्देशानुसार दिनांक 19 नवंबर दिन मंगलवार को ब्लाक कांग्रेस बिछिया के द्वारा धरना प्रदर्शन कर महामहिम के नाम तहसीलदार महोदय बिछिया को ज्ञापन दिया गया जिसमें जोश सिंह ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी, जिला महामंत्री अशोक राजपूत, टेकराम राय, अरूण पाण्डे, झुन्ना ठाकुर, अशोक ज्योतिषी मोहन पटेल दादा भाई डमरू राजपूत रम्मू ठाकुर अमन राजपूत, अक्षत झारिया भोला यादव कलीराम मार्को लखन आयाम लाल सिंह कुड़ापे सुनहर सिंह राजपूत रतन पंद्रे रोजिल खान समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आज से 17 दिवसीय अन्नपूर्णा व्रत अनुष्ठान वरदान आश्रम में



**मंडला, देशबन्धु।** वरदान आश्रम अंजनिया के संचालक यज्ञाचार्य नीलू महाराज ने बताया कि 17 दिवसीय अन्नपूर्णा व्रत अनुष्ठान आज से प्रारंभ हो रहा है , यह व्रत प्रतिवर्ष मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी से शुरू होकर मार्गशीर्ष शुक्ल षष्ठी पर्यन्त किया जाता है, जिसमें शास्त्र अनुसार कलश बनाकर जिसमे पीपल, वट, घृत कुमारी, धान की बाली, पलाश की पत्तियों से पांच पल्लव का निर्माण करके भगवती अन्नपूर्णा का आवाहन किया जाता है,साध्वी कल्पतरु माता जी द्वारा विधि पूर्वक 17 दिनों तक व्रत रखकर माता का पूजन अर्चन किया जाता है ।

### आर्थिक कल्याण योजना से हितग्राहियों को लाभान्वित करने 399 इकाइयों का लक्ष्य मिला

**मंडला, देशबन्धु।** शाखा प्रबंधक म.प्र. आदिवासी वित एवं विकास निगम ने बताया कि टंटया मामा आर्थिक कल्याण योजना में 399 इकाई का लक्ष्य निगम शाखा मण्डला को प्राप्त हुआ है। योजना के तहत बैंक द्वारा 10 हजार से 1 लाख रू स्वीकृत किया जायेगा। बैंक द्वारा स्वीकृत/वितरित ऋण राशि पर निगम द्वारा प्रतिवर्ष 7 प्रतिशत की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम् 5 वर्षों तक नियमित रूप से भुगतान किया जायेगा। आवेदक का आवेदन पत्र एमपी ऑनलाईन के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे। आवेदन पत्र पोर्टल पर कर सकते हैं। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आदिवासी आवेदक के पास एक फोटो, साक्षर, स्थाई जाति, मूल निवासी, आय प्रमाण पत्र 12 लाख से कम, आयु 18 से 55 के बीच, आधार कार्ड, समग्र आईडी, बैंक पासबुक और कोटेशन। इच्छुक आदिवासी आवेदक विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु कार्यालय म.प्र. आदिवासी वित एवं विकास निगम मण्डला मण्डला से सम्पर्क करें।

# मंडला की सुध लेने वाला कोई नहीं

## जवाबदारआखिर कब देंगे ध्यान, नागरिक समस्याओं से परेशान

**मंडला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल मंडला जिले में ढेर सारी समस्याओं की वजह से नागरिक भारी परेशान हो चुके हैं लगातार इस आशय की खबर भी प्रकाशित की जा रही है इसके बाद भी शासन प्रशासन द्वारा मध्य प्रदेश के मंडला जिले में ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

जन समस्याओं के निराकरण के लिए सभी कार्यक्रम व अभियान यहां पर दफ्न हो रहे हैं इन कार्यक्रमों के अंतर्गत समस्याओं का सही निराकरण नहीं हो रहा है जनसुनवाई कार्यक्रम तो मात्र औपचारिक हो गया है इसी तरह से सीएम हेल्पलाइन की हालत हो गई है समस्याओं का निराकरण गोलमाल तरीके से किया जा रहा है सीएम हेल्पलाइन की शिकायत को मांग में बदलकर बंद कराया जा रहा है गलत जवाब भेज कर भी शिकायत को बंद करने की कोशिश की जा रही है मंडला जिले में सड़कों की हालत खस्ता हो गई है शिक्षा की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है स्वास्थ्य व्यवस्था ज्यादा खराब हो गई है।

उद्योग पर्यटन उद्यान की कृषि यातायात के बेहद बुरे हाल हैं गंदगी बीमारी धांधली निरक्षरता बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है सरकारी स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण आहार कार्यक्रम संचालित करने वाले स्व सहायता समूह को मध्यान भोजन की राशि समय पर प्रदान नहीं की जा रही है अधिकारी कर्मचारी मुख्यालय में नहीं रह रहे हैं राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण सही तरीके से नहीं किया जा रहा है खनिज संपदा की लूट मची हुई है अवैध तरीके से स्टोन क्रेशर चल रहे हैं सरकारी भवनों की हालत खस्ता हो गई है।

सभी सरकारी भवनों व कार्यालय की मरम्मत व रंग रोगन का कार्य नहीं कराया जा रहा है प्राइवेट व सरकारी स्कूलों की शिक्षा की गुणवत्ता की जांच नहीं की जा रही है पटवारी और एएनएम महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता मुख्यालय में नहीं रह रहे हैं जल जीवन मिशन की दुर्गति करके रख दी गई है भारी भ्रष्टाचार जल जीवन मिशन अंतर्गत मंडला जिले में किया जा रहा है प्रत्येक घरों में नल कनेक्शन का कार्य नहीं किया जा रहा है मामला ग्राम परसवाड़ा का इस संबंध में बताया जा रहा है यहां पर सही तरीके से जांच पड़ताल नहीं की जा रही है इसी तरह संपूर्ण मंडला जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत भी भारी बाढ़ गड़बड़ी की जा रही है मामला मंडला जिले की तहसील नैनपुर के ग्राम परसवाड़ा का बताया जा रहा है यहां पर इस संबंध में शिकायत भी की गई थी कलेक्टर की जांच के आदेश के बाद भी दोषियों के खिलाफ अभी तक कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई है इस तरह का फर्जीवाड़ा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत संपूर्ण मंडला जिले में किया जा रहा है।

# 19 पंचायतों में लगेंगे 'आरोग्यम मंडला' जन स्वास्थ्य शिविर आज

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में 20 नवंबर 2024 दिन बुधवार को 19 ग्राम पंचायतों में 'आरोग्यम मण्डला' जन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

जिसके तहत आमजन को ग्राम पंचायत स्तर पर ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 नवंबर को समस्त विकासखंडों के चिन्हित ग्राम पंचायतों में आरोग्यम मंडला जन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। विकासखंड मंडला में ग्राम पंचायत भंवरदा, लिंगामाल और पेटेगांव में शिविर लगाए जाएंगे। विकासखंड नैनपुर में ग्राम पंचायत कजरवाड़ा, तुमेगांव और झुलपुर, विकासखंड बिछिया में ग्राम पंचायत ककैया, राता और कन्हारीकला, विकासखंड बीजाडांडी में ग्राम पंचायत टिकरिया और लालपुर, विकासखंड मोहगाँव में ग्राम पंचायत मोहगांव और रैयगांव, विकासखंड घुघरी में ग्राम पंचायत सुरेहली और बनिया, विकासखंड मवई में ग्राम पंचायत परसाटोला और मनोरी, विकासखंड नारायणगंज में ग्राम पंचायत परसाटोला और मनोरी, विकासखंड नारायणगंज में ग्राम पंचायत मैली और पिण्डरईमाल में शिविर लगाए जाएंगे।

## साढ़े सात एकड़ भूमि है नेशनल हाईवे के किनारे खड़देवरी में

# कोटवार को दी गई भूमि पर बस स्टैंड बनाने की मांग



**मंडला, देशबन्धु।** दशकों पुराना मण्डला शहर का बस स्टेंण्ड अब आवागमन में बाधित प्रतीत हो रहा है जिसके लिए शासन प्रशासन भी चिंतित है नये बस स्टेण्ड बनाने के लिए जगह तलाश की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार एक सर्वे गाजीपुर तिंदनी में किया गया था।

जो आपत्ति दर्ज होने की वजह से निरस्त कर दिया गया है इसी बीच विगत दिवस कलेक्टर की जनसुनवाई में सैंकड़ो लोगों से हस्ताक्षरित आवेदन पत्र समाज सेवियों द्वारा प्रेषित करते हुए मांग की गई कि शहर से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पीपरपानी खड़देवरी में नेशनल हाईवे ओवर ब्रिज से लगी हुई शासकीय भूमि खसरा नम्बर 415 रकवा 2.8900 हे. (साढ़े 7 एकड़) पर बस स्टेण्ड बनाया जाता है तो बेहतर होगा। उक्त भूमि वर्तमान में कोटवार चमरू वल्द घन्नू सेवादार के रूप में दर्ज है।

कोटवार को निर्धारित मानदेय देकर उक्त भूमि को अधिगृहित किया जा सकता है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि जबलपुर रायपुर मार्ग में स्थित उक्त स्थल मण्डला, डिण्डौरी, घंसौर, घुघरी, हिरदेनगर, बम्हनी आदि अनेक मार्गों का केन्द्र बिन्दु है और यहां से बालाघाट नेशनल हाईवे का निर्माण होना भी प्रस्तावित है उक्त मांग का आवेदन पत्र स्थानीय विधायक व पीएचई मंत्री सम्पतिया उइके सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते व भाजपा जिला अध्यक्ष भीष्म दिवेदी को भी प्रेषित किया गया है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जांच कराने की बात कही गई है।

# फौती कटवाने व बैंक का लोन जमा करवाने का झांसा देकर करा ली रजिस्ट्री

**मंडला, देशबन्धु।** मंडला जिले में प्रषासनिक व्यवस्था लचर है जिसका फायदा झांसा देने वाले लोग आसानी से उठा लेते हैं। कुछ ऐसा ही मण्डला जिले के विकासखण्ड निवास में हुआ। आवेदिका श्रीमति बुद्दो बाई पति मिहीलाल उम्र 90 वर्ष, श्रीमति रनिया बाई पिता मिहीलाल, सुमंत्री बाई पिता मिहीलाल निवासी निवास ने आवेदन में बताया कि मेरे पति मिहीलाल की मृत्यु 14 सितम्बर 2024 को हो गई मेरे पति के उपर सहकारी बैंक का 63 हजार रूपये का कर्ज था। मेरा दामाद मंगल सिंह मयूर गोठरिया के घर काम करता था, मयूर गोठरिया ने मेरे दामाद से बोला कि मैं कर्जा पटा सकता हूं आपको मेरे घर काम करना पडेगा जब तक कर्ज अदा नहीं हो जाता मेरा दामाद तैयार हो गया तो मयूर सिंह एवं



अनावेदकों ने मेरे दामाद के माध्यम से मेरे जमीन का पट्टा मंगवाया और बोले जमीन को बैंक से कर्ज मुक्त कराने के बदले हम इकरारनामा लिखेंगे ताकि मंगलसिंह हमारा काम ना छोड सके और इकरारनामा लिखवाने के बहाने हम आवेदकगणों को निवास लेकर आ गया और सामने होटल में बिठा दिया और कहने लगा की इकरारनामा में फोटो लगेगी तो हमें पेट्रोल पंप के पीछे कुसमी नामक गांव में फोटो खिचवाया और अंधेरे में कई कागजों में अंगूठा लगवाया जब कुछ दिन बाद हमने खसरा की नकल निकलवाई की हमारा बैंक का कर्ज पटा है कि नही तो खसरे में अनावेदकों का नाम दर्ज हो गया था। आवेदकों ने तुरंत थाने में रिपोर्ट की तथा जिला पंजीयक कार्यालय मण्डला एवं निवास दोनों में षिकायत दर्ज कराई है। आवेदन में कहा गया कि अनावेदकों ने हमारे साथ धोखाधडी की है हमारी अषिक्षा एवं अंगूठाछाप होने का फायदा उठाकर हमारी जमीन हडपी है। हमारे पास भरण पोषण का कोई साधन नहीं रह गया है इसी जमीन से हमारा पूरा परिवार पलता है। आवेदकों ने मांग की है कि फर्जी रजिस्ट्री निरस्त कराई जाये तथा अनावेदकों के विरूद्ध अपराधिक मामला दर्ज की जाये।

# कभी बिना बुलाए किसी के घर नहीं जाना चाहिए: अखिलेश्वरी

**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** नगर की सरगम कोलोनी में 17 नवंबर से 26 नवम्बर तक आयोजित 9 दिवसीय रामकथा महोत्सव के तीसरे दिवस में मानस मोहनी अखिलेश्वरी देवी ने शिवजी और सती की कथा प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए कहा कभी भी बिना बुलाए किसी के घर नहीं जाना चाहिए।

शिवजी और देवी सती से जुड़ी एक कथा प्रचलित है, इस कथा का संदेश यह है कि हमें कभी भी किसी के घर बिना बुलाए नहीं जाना चाहिए। शिवजी और माता सती से जुड़ी कथा श्रीमद् देवी भागवत, शक्तिपीठांक सहित कई ग्रंथों में बताई गई है। इस कथा के अनुसार देवी सती के पिता प्रजापति दक्ष थे। सती ने भगवान शिव से विवाह किया था। इस विवाह से दक्ष प्रसन्न नहीं थे। प्रजापित दक्ष ने हरिद्वार में भव्य यज्ञ का आयोजन किया और शिव-सती को छोड़कर सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया गया। सती को ये बात नारद जी से मालूम हुई तो वह यज्ञ में जाने के लिए तैयार हो गईं। शिवजी ने माता सती को समझाया कि बिना बुलाए यज्ञ में जाना ठीक नहीं है, लेकिन





सती नहीं मानीं। शिवजी के मना करने के बाद भी सती अपने पिता के घर यज्ञ में चली गईं। जब सती यज्ञ स्थल पर पहुंची तो उन्हें मालूम हुआ कि यज्ञ में शिवजी के अतिरिक्त सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया गया है। ये देखकर सती ने पिता दक्ष से शिवजी को न बुलाने का कारण पूछा। जवाब में दक्ष ने शिवजी का अपमान किया। अपने पति का अपमान देवी सती से सहन नहीं हुआ और उन्होंने हवन कुंड में कूदकर अपने प्राण त्याग दिए। जब ये बात शिवजी को मालूम हुई तो वे बहुत क्रोधित हो गए और शिवजी के कहने पर वीरभद्र ने दक्ष का सिर काट दिया। जीवन प्रबंधन में इस कथा से ये सीख मिलती है कि कभी भी बिना बुलाए किसी के घर या किसी कार्यक्रम में जाना ठीक नहीं है। अगर जीवन साथी सही बात कहे तो उसे तुरंत मान लेना चाहिए, उसका अनादर नहीं करना चाहिए। पुत्री या किसी अन्य स्त्री के सामने उसके पति की बुराई या अपमान नहीं करना चाहिए। कथावाचक ने भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती के शुभ विवाह का प्रसंग सुनाया।

मानव कल्याणार्थ आयोजित श्रीराम कथा में अखिलेश्वरी देवी ने बताया कि जिस प्रकार एक किताब की शुरुआत में लेखक अनुक्रमाणिका को लिखकर किताब का संक्षिप्त विवरण देता है, उसी प्रकार तुलसीदास द्वारा रचित ये शिव विवाह प्रसंग संपूर्ण रामचरितमानस की अनुक्रमाणिका है जो इस बात को दर्शाता है कि मनुष्य राम के चरित्र को तभी जीवन में धारण कर सकता है, जब उसके जीवन में पार्वती रूपी श्रद्धा और शिवरूपी विश्वास का दिव्य समागम होता है। कथा व्यास ने कहा कि जीवन में गुरु बिना ईश्वर की प्राप्ति असंभव है। कथा के मुख्य श्रोता आजाद - अनिता चौबे के साथ नगर एवं ग्रामीण अंचल से आए श्रोताओं ने संगीतमय राम कथा का रसास्वादन किया।